
### खबर संक्षेप



## फागिंग मशीन से किया गया धुंए का छिड़काव

**कटनी।** बदलते मौसम के दौरान मच्छरों की समस्या से निजात दिलानें हेतु महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर रोजाना दो- दो वार्डो में फगिंग अभियान चलानें हेतु कैलेंडर जारी किया गया है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें बताया कि नगर के बाल गंगाधर तिलक वार्ड एवं बिरसा मुंडा वार्ड के विभिन्न स्थलों में स्थानीय पार्षद एवं वार्ड दरोगा की मौजूदगी में फगिंग मशीन के माध्यम से रायायनिक धुआं छोडनें की कार्यवाही की गई। इस दौरान बाल गंगाधर तिलक वार्ड के इंदिरा नगर की गली क्रमांक 1 से 9 तक के विभिन्न स्थलों, पन्ना मोड़ की विभिन्न गलियों, आजाद नगर पुरैनी, ट्रांसपोर्ट नगर सहित क्रमांक 2 की विभिन्न गलियों में रासायनिक धुएं का छिड़काव किया जाकर मच्छरों पर नियंत्रण की कार्यवही की गई।

## ढीमरखेड़ा के शुक्ल पिपरिया का मामला, बारिश ने खोली गुणवत्ता की पोल


# पहली बरसात में ही क्षतिग्रस्त हो गया 85 लाख की लागत से बना स्टाप डैम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

मानसून की पहली बारिश में ही लाखों रुपये की लागत से बना स्टॉप डैम का आधा हिस्सा उखड़कर बह गया। डैम में जगह जगह दरारें आ गई। इतना ही नहीं डैम का कुछ हिस्सा नीचे की तरफ धसक गया है।मामला ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत के शुक्ल पिपरिया गांव का है।स्टाप डैम अपनी उपयोगिता को लेकर ही सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों ने स्टॉप डैम निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा करते हुए अधिकारियों की लापरवाही का आरोप लगाया है।

हासिल जानकारी के मुताबिक जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत शुक्ल पिपरिया में बेलकुण्ड नदी में स्लेप कलवर्ट स्टाप डैम का निर्माण कार्य कराया गया। जिला खनिज प्रतिष्ठान मद और मनरेगा योजना के तहत 85 लाख रुपये की लागत से इस स्टाप डैम का निर्माण कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी के द्वारा कुछ महीने पहले गर्मी के सीजन में कराया गया।खास बात यह है कि मानसून की पहली बारिश में ही स्टाप डैम कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गया है। आरईएस विभाग के द्वारा इतना घटिया निर्माण कार्य कराया गया कि मंगलवार रात को मानसून की पहली बारिश में ही स्टाप डैम क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों ने बुधवार सुबह देखा तो डैम उखड़ा पड़ा था। स्टाप डैम का कुछ हिस्सा नीचे की तरफ धसक गया है।डैम के ऊपर लगे व्हीलगार्ड उखड़ कर पानी में बह गए है। डैम के दोनों छोर से मिट्टी का कटाव भी हो गया है। इतना ही नहीं स्टाप डैम में जगह जगह दरारें आ गई है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि स्टाप डैम निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। तकनीकी मापदंडों का पालन नहीं किया गया।जिसके कारण स्टाप डैम पहली






बारिश भी सहन नहीं कर पाया और क्षतिग्रस्त हो गया।

### इनका कहना है

इस संबंध में उपयंत्री आरईएस प्रदीप यादव का कहना है कि शुक्ल पिपरिया मौके पर पहुँचकर स्टाप डैम को देखा है। बारिश में स्टाप डैम का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। जिसका सुधार कराया जाएगा।

वहीं कार्यपालन यंत्री आरईएस कटनी जे.एस. खटीक ने बताया कि पहली बारिश में ही स्टाप डैम कैसे क्षतिग्रस्त हो गया।इसकी जानकारी लेकर कार्रवाई करेंगे।



## हत्या के तीन आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम नन्हवारा खुर्द में एक युवकी हत्या के मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले का एक अन्य आरोपी फरार बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार 23 जून की सुबह संदीप कुमार चौधरी 35 वर्ष निवासी ग्राम नन्हवारा मृत हालत में पड़ा मिला था। उसके पूरे शरीर में चोट के निशान थे। प्रथम दृष्टया प्रतीत हुआ कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने लाठी डण्डो से मारपीट कर हत्या कर दी है। अज्ञात आरोपीयों के विरुद्ध थाना बड़वारा में धारा 103(1) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

जांच के दौरान आरोपीगणो की पहचान प्रभात सिंह उर्फ दारा सिंह राठौर पिता वीरेन्द्र सिंह राठौर, सोमनाथ कोल पिता सोमनाथ कोल, गोविंद कोल पिता कालूराम कोल एवं दीपक कोल सभी निवासी ग्राम नन्हवारा खुर्द थाना बड़वारा जिला कटनी के रुप मे की गई। जिनकी तलाश ग्राम नन्हवारा खुर्द, सिजहनी, कटनी, मोहास, बरुआ में लगातार प्रयास किया गया।

मुखबिर तंत्र से पता चला कि आरोपीगण अपने घरों में छिपे बैठे हैं। टीम द्वारा आरोपीगणों के घरो मे दबिश देकर घेराबंदी कर स्टाफ की मदद से प्रभात उर्फ दारा सिंह राठौर, सोमनाथ कोल तथा गोविंद कोल को पकड़ा गया। उक्त तीनो आरोपिगणो से घटना के संबंध मे पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि मृतक संदीप चौधरी मानसिक रुप से विक्षिप्त था। आरोपीगणों को मृतक ने घटना के दिन गंदी गंदी गालियां दी जिससे आरोपीगणों नें मिलकर मारपीट की जिससे उसकी मृत्यु हो गई है।

### स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग की हुई बैठक

## शहर में कहीं भी नहीं दिखाई दे कचरे के ढेर, कीटनाशक का करें छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देश पर बुधवार को नगर निगम कार्यालय में स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की बैठक मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं प्रभारी सदस्य की अध्यक्षता में आयोजित की जाकर आगामी वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाकर आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान समिति के सदस्य एवं पार्षद सर्व श्री शशिकांत तिवारी, सचिन बहरे सोनू, विनोद लाला यादव, सरला संतोष मिश्रा, श्रीमती प्रभा राजू गुप्ता, अजरा शाहीन सहित स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी की मौजूदगी रही।

बैठक के दौरान नगर निगम सीमा अंतर्गत नाले एवं नालियों की सफाई कार्य के संबंध में चर्चा की जाकर शेष नालों का सफाई कार्य शीध्र पूर्ण करानें के निर्देश दिए गए। बैठक मे आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर के 10 बड़े नालों की सफाई का कार्य ठेके पर स्वीकृत ठेकेदार से कराये जानें के संबंध में अनुशंसा की जाकर कार्य को प्राथमिकता से करानें के निर्देश दिए गए। बैठक में नगर की सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नालों को नियमानुसार कवर्ड करानें की अनुशंसा भी की गई।



बैठक के दौरान नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था एवं नागरिकों की सुविधा हेतु एम.एस डब्लयू के माध्यम से प्रत्येक वार्ड में कचरा गाडी भेजनें तथा लेबर के माध्यम से प्वाइंट से कचरा उठानें, स्प्रे पंप के माध्यम से वार्डो मे कीटनाशक दवाईयों, ब्लीचिंग पाउडर का भंडारण कराते हुए आवश्यक छिड़काव कार्य करानें की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त नागरिकों में जागरूकता लानें हेतु ओम साई विजन टीम के माध्यम से प्रतिमाह वार्डवार चलाये गए जनजागरूकता अभियान की जानकारी उपलब्ध करानें का निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान एम.एस.डब्लयू प्रबंधक शांतनु सिंह, स्वच्छता निरीक्षक तेजभान सिंह, दीपक मलिक सहित अन्य स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड दरोगाओं की उपस्थिति रही।

## ग्राम पंचायत भजिया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत भजिया में गुरुवार 26 जून को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

गुरूवार 26 जून को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत भजिया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा गुरुवार 3 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कांटी में, गुरूवार 10 जुलाई को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में, गुरुवार 17 जुलाई को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में और गुरुवार 24 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गैरतलाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। 31 जुलाई को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत जुजावल मे, गुरुवार 7 अगस्त को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत खितौली में, गुरुवार 14 अगस्त को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत हरदुआ कुडो में तथा गुरुवार 21 अगस्त को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में और गुरुवार 28 अगस्त को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिंनगौड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा।



## बारिश में गिरे पान बरेजा, किसानों को हुआ नुकसान

**उमरियापान।** बारिश के चलते उमरियापान में पान किसानों को भी नुकसान पहुँचा हैं। उमरियापान के संतोष चौरसिया, सुमित चौरसिया सहित अन्य किसानों के पान बरेजा गिरकर क्षतिग्रस्त हो गए है जिससे पान किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचा है। किसानों ने बताया कि प्राकृतिक आपदा के कारण अनेकों दफा पान किसानों को नुकसान होता है। राजस्व अमले द्वारा सर्वे कार्य किया जाता है, लेकिन आज तक पान किसानों को मुआवजा नहीं मिला। किसानों का कहना है पान की खेती में लागत अधिक लगती है, आपदा आने पर किसानों को भारी मात्रा में नुकसान होता है,ऐसे में किसान भाई पान की खेती को छोड़ते जा रहे है।

## जिला एवं विकासखंड स्तर पर इंसीडेंट रिस्पांस टीम गठित

**कटनी।** राज्य शासन के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं गृह विभाग के निर्देश पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जिला एवं विकासखंड स्तर पर इंसीडेंट रिस्पांस टीम (आईआरटी) का गठन किया गया है। जिला स्तर पर गठित इस टीम के अध्यक्ष कलेक्टर श्री यादव होंगे। जबकि पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, जिला आपूर्ति अधिकारी, अधीक्षण यंत्री एमपीईबी को सदस्य तथा होमगार्ड कमांडेट को सचिव सह सदस्य बनाया गया है। वहीं विकासखंड स्तरीय गठित टीम के अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी राजस्व होंगे। जबकि अन्य सदस्यों में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, होमगार्ड कमांडेट द्वारा नामित सदस्य, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, अधीक्षण यंत्री म.प्र.पू.क्षे.वि.मं. द्वारा नामित सदस्य एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शामिल किया गया है।

## 108 वारंटियों को किया गिरफ्तार, 71 बदमाशों एवं अपराधियों को किया चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में कटनी पुलिस ने कॉम्बिंग गस्त अभियान चलाकर 108 वारंटियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा 71 गुंडे, बदमाश और आदतन अपराधियों की भी चैकिंग की गई। काम्बिंग गस्त के दौरान की गई अन्य कार्यवाही में धारा 170 बीएनएसएस की कार्यवाही – परिशांति भंग करना पाये जाने पर अलग-अलग स्थानों पर 03 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी।

काम्बिग गस्त के दौरान विभिन्न न्यायालय द्वारा जारी विभिन्न प्रकरणों के 66 वारंटी गिरफ्तार ,लगभग एक दशक से फरार वारंटी कटनी पुलिस की गिरफ्त में ,कटनी पुलिस द्वारा 08 व्यक्तियो पर मोटर व्हीकल एक्ट की एक्ट की धारा 185 के तहत की गई सख्त कार्यवाही । वाहन किये गये जप्त ,आपरेशन शिकंजा के तहत आबकारी एक्ट में अवैध शराब विक्रय करने वालो के विरूध्द 24 अपराध पंजीबद्ध, अवैध शराब की गई जब्त ,कम्बिंग गस्त के दौरान न्यायालय द्वारा विभिन्न प्रकरणों में जारी 26 जमानती वारंटो को किया गया तामिल 35 निगरानी बदमाशों एवं 36 गुण्डा बदमाशों की जांच की गई।

धारा 126,135 बीएनएसएस की कार्यवाही – परिशांति कायम रखने हेतु 65 प्रकरणों में 69 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 126,135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। धारा 129 बीएनएसएस की कार्यवाही – परिशांति कायम रखने हेतु 13 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी

विशेष कार्रवाई प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और हाईवे पर संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच हुयी बिना कारण देर रात घूम रहे संदिग्ध युवकों को सख्त चेतावनी दी यात्रियों और परिवारों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने में सहायता की

बैंकों और एटीएम पर सुरक्षा बलों द्वारा औचक निरीक्षण किया कटनी पुलिस का यह अभियान अपराधियों में भय पैदा करने के साथ ही आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। भविष्य में भी कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए इस प्रकार की औचक कॉम्बिंग गश्त जारी रहेगी।



## खबर संक्षेप



### कीचड़ से सन गया मार्ग, आवागमन हो रहा मुश्किल

**कटनी।** पुरवार कन्या हाईस्कूल बालाजीनगर शिवनगर में नगर निगम के द्वारा 500 मीटर के लगभग नाला निर्माण का कार्य बीते करीब एक महीने से चल रहा है लेकिन मुख्य ठेकेदार द्वारा खुद काम ना करते हुये अन्य पेटी ठेकेदारों को देकर लेटलतीफी की गई जिससे पुरवार कन्या स्कूल का मुख्य मार्ग कीचड़ से सन गया है। इस मार्ग से आने जाने वाली छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जबकि अभी सिर्फ मानसून की पहली बारिश है। नाला निर्माण ठेकेदार द्वारा इस कदर लापरवाही की जा रही है वह एक दिन छोड़ एक दिन काम करता है और उक्त मार्ग पर शासकीय स्कूल के अलावा प्राइवेट स्कूल जाने वाले बच्चों के साथ स्कूल बसों आवागन भी बना रहता है जिससे पुरवार कन्या शाला की छात्राओं एवं प्राइवेट स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने हेतु काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### ओवरलोड परिवार पर 53 हजार रूपए का जुर्माना

**कटनी।** ओवरलोड परिवहन के मामले में न्यायालय ने ट्रक चालक एवं मालिक दोनो पर 53 हजार रूपए का जुर्माना लगया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है । ट्रक वाहन क्रमांक DD-01-H-9092 का चालक मुकेश चौहान क्षमता में अधिक माल लोड कर परिवहन करते पाए जाने वाहन मालिक एवं चालक के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था जिसे निकाल हेतु न्यायालय में पेश किया गया था जिस पर न्यायालय द्वारा ट्रक चालक मुकेश चौहान के विरुद्ध 27,000/- ट्रक मालिक नीरज अग्रवाल के विरुद्ध 26,000 कुल 53,000 के अर्थ दण्ड से दंडित कर संबंधित वाहन मालिक को वाहन सुपुर्दनामे में दिए जाने हेतु आदेशित किया गया माननीय न्यायालय के आदेश संबंधित वाहन मालिक को वाहन सुपुर्द किया गया।

### स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का ट्रांसफर

**कटनी।** लोक स्वास्थ्य संचालनालय भोपाल द्वारा कुछ दिन पहले मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों, सिविल सर्जन, नर्सिंग ऑफीसर एवं अन्य अधिकारियों की तबादला सूची जारी की गई थी जिसमे कटनी जिले में पदस्थ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अठ्या को दमोह जिले में पदस्थ किया गया था। कन्हवारा में पदस्थ डॉ. राज सिंह ठाकुर को प्रभारी सीएमएचओ के पद पर नियुक्त किया था। डॉ. राज सिंह ठाकुर के प्रभारी सीएमएचओ बनने के बाद अब कन्हवारा डॉक्टर विहीन हो गया है। जिससे यहां की स्वास्थ्य सेवाओं पर खासा असर पड़ रहा है। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़वारा में पदस्थ सीबीएमओ डॉ. अनिल झामनानी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी निमाड़ी, डीएचओ टू डॉ. डी जे मोहन्ती को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मंडला, डीएचओ वन डॉ. शोभा चौधरी को संयुक्त संचालक जबलपुर और रीठी सीबीएमओ डॉ. पंकज भदौलिया को उप संचालक नेशनल हेल्थ मिशन भोपाल के पद पर पदस्थ किया गया है। इस तरह एक साथ 5 अधिकारियों का कटनी से तबादला किए जाने से जिले का स्वास्थ्य विभाग अधिकारी विहीन हो गया है। जिससे शासकीय कामकाज पर असर पड़ रहा है। यह भी पता चला है कि लोक स्वास्थ्य संचालनालय भोपाल द्वारा संयुक्त संचालक कार्यालय जबलपुर में पदस्थ डॉ. भरत खटीक का कटनी जिले में डीएचओ के पद पर स्थानांतरण किया था लेकिन उन्होंने हाईकोर्ट से सटे ले लिया है।

## कलेक्टर ने की कार्यों के प्रगति की समीक्षा 7 दिन में जवाब किया तलब

# लापरवाही पड़ गई भारी, 7 तहसीलदारों व 8 नायब तहसीलदारों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने फार्मर रजिस्ट्रेशन कार्य में रूचि न रखने एवं लक्ष्य से कम प्रगति करने वाले 7 तहसीलदारों एवं 8 नायब तहसीलदारों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 7 दिन में जवाब मांगा है। कलेक्टर द्वारा विगत दिनों राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान इन अधिकारियों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री की कम प्रगति पाये जाने के बाद यह कार्यवाही की गई है।

उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा 31 मई तक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाना नियत किया गया था।

### इन अधिकारियों का नोटिस नोटिस

कलेक्टर श्री यादव द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस में उल्लेखित किया गया है कि तहसीलदार रीठी सुश्री आकांक्षा चौरसिया द्वारा फार्मर रजिस्ट्री हेतु निर्धारित लक्ष्य 24 हजार 857 के विरूद्ध 21 हजार 533 किसानों की फार्मर आईडी रजिस्ट्री की गई है। जो कि कुल लक्ष्य का 86.63 प्रतिशत है।

इसी तहसीलदार विजयराघवगढ़ मनीष शुक्ला द्वारा 32 हजार 350 के लक्ष्य के विरूद्ध 28 हजार 719 का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। जो कि कुल लक्ष्य का 88.78 प्रतिशत है। इसी प्रकार ढीमरखेड़ा तहसीलदार आशीष अग्रवाल द्वारा 29 हजार 719 के लक्ष्य के विरूद्ध 26 हजार 181 किसानों की फार्मर आईडी बनाई गई है। जो कि लक्ष्य का 88.10 फीसदी है। जबकि बरही तहसीदार श्रीनितिन पटेल ने 19 हजार 137 के लक्ष्य के विरूद्ध 16 हजार 798 फार्मर रजिस्ट्रेशन का कार्य पूरा किया है। जो कि कुल लक्ष्य का 87.78 फीसदी है।

बहोरीबंद तहसीलदार सुश्री नेहा जैन ने 30 हजार 332 के लक्ष्य के विरूद्ध 24 हजार 582 का लक्ष्य प्राप्त किया है। जो कि लक्ष्य का 81.04 प्रतिशत है। इसी प्रकार बिलहरी के नायब तहसीलदार आशीष कुमार चतुर्वेदी के द्वारा 9 हजार 521 के लक्ष्य के विरुद्ध 7 हजार 27 का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि कार्य प्रगति का मात्र 73.81 फीसदी है। बड़गांव के नायब तहसीलदार खगेश कुमार भलावी के द्वारा 7 हजार 358 के लक्ष्य के विरूद्ध 4 हजार 791 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री ही की गई है जो कि लक्ष्य का मात्र 65.11 प्रतिशत है।

देवराकला के नायब तहसीलदार नरेन्द्र कुमार खरे को उल्लेखित किया गया है कि आपके द्वारा 7 हजार 238 के लक्ष्य के विरुद्ध 5 हजार 159 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किया गया है जो कि लक्ष्य का मात्र 73.81 फीसदी है।

इसी प्रकार कारीतलाई के तहसीलदार मनीष शुक्ला के द्वारा निर्धारित लक्ष्य 5 हजार 798 के विरुद्ध अब तक मात्र 4 हजार 32 किसानों की फार्मर आईडी बनाई गई है। जो कि कार्य प्रगति का 69.47 प्रतिशत है। सिनगौड़ी एवं उबरा के नायब तहसीलदार प्रसन्न कुमार वर्मा ने सिनगौड़ी में निर्धारित लक्ष्य 7 हजार 131 के विरुद्ध 5 हजार 188 का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। जो कि कार्य प्रगति का 72.75 फीसदी है एवं उबरा में 4 हजार 357 के लक्ष्य के विरूद्ध 3 हजार 30 का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि कार्य प्रगति का मात्र 69.54 प्रतिशत है।

सिलौंडी के नायब तहसीलदार दिनेश असाटी ने 6 हजार 396 के लक्ष्य के विरुद्ध 4 हजार 697 का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि कुल लक्ष्य का 73.44 फीसदी है।

इसी प्रकार खमतरा के तहसीलदार आशीष अग्रवाल द्वारा निर्धारित लक्ष्य 3 हजार 509 के विरुद्ध 2 हजार 432 का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि कार्य प्रगति का मात्र 69.31 प्रतिशत है।

वहीं पिपरियाकला एवं खितौली के नायब तहसीलदार मनोज कुमार नामदेव ने पिपरियाकला में 3 हजार 712 के निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 2 हजार 651 तथा खितौली में 6 हजार 100 के विरूद्ध 4 हजार 275 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की है। जो कि लक्ष्य का क्रमशरू 71.42 एवं 70.08 प्रतिशत है। जबकि बाकल के नायब तहसीलदार आदित्य प्रकाश द्विवेदी ने 10 हजार 748 के लक्ष्य के विरूद्ध 8 हजार 56 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की है। जो कि कार्य प्रगति का 74.95 फीसदी है।

इसके अतिरिक्त बचौया एवं कुंआ के नायब तहसीलदार ओम बाबू बघेल द्वारा बचौया तहसील में 3 हजार 897 के निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 2 हजार 913 एवं तहसील कुंआ में निर्धारित लक्ष्य 2 हजार 941 के विरूद्ध 2 हजार 191 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की गई है। जो कि कुल लक्ष्य का क्रमशरू 74.75 एवं 74.50 फीसदी है।

# छात्रों को कम फीस पर मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा : महापौर

**नगर के बीचों-बीच केन्द्रीय विद्यालय झिंझरी के संचालन हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खजुराहो सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के अथक प्रयासों से कटनी जिले के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त करनें का हेतु मिली केन्द्रीय स्कूल झिंझरी का संचालन नगर के बीचों बीच पुराने शासकीय कन्या महाविद्यालय में किये जाने हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने की सौगात को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें बच्चों के उज्वल भविष्य की राह हेतु मील का पत्थर बताया है।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें बताया कि शहर में एक और नवीन केन्द्रीय विद्यालय का संचालन नगर निगम कार्यालय के बाजू स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय के भवन परिसर प्रारंभ होने से जिले के बच्चों को कम फीस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सकेगी, वहीं स्कूल का संचालन नगर के बीचों -बीच होने से छात्रों को आवागमन की बेहतर सुविधाएं भी मिल सकेंगी।

### 4 जुलाई तक भर सकेंगे आफलाईन फार्म

महापौर श्रीमती सूरी नें बताया कि झिंझरी कटनी में संचालित केंद्रीय विद्यालय का शैक्षणिक सत्र 2025-26 में ही कक्षा-1 से कक्षा-5 तक प्रवेश हेतु आफलाईन पंजीकरण फॉर्म भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है जो कि 4 जुलाई तक जारी रहेगी। इस हेतु अभिभावक विद्यालय में पहुंचकर प्रवेश फार्म प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक जमा कर सकते है।

महापौर श्रीमती प्रीति सूरी नें शहर के बच्चों के पालकों तथा अभिभावक गणों जिले को मिली इस महत्वपूर्ण सौगात के तहत शहर के बीचों बीच संचालित होने वाले नवीन केंद्रीय विद्यालय झिंझरी का लाभ अधिक से अधिक बच्चों को चलाने हेतु पंजीकरण फार्म भरने की अपील की है।

### सांसद को धन्यवाद ज्ञापित

बहुप्रतीक्षित केंद्रीय विद्यालय के शुभारम्भ उपरांत प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें मध्यप्रदेश भाजपा के शुभंकर अध्यक्ष कटनी खजुराहो के सांसद वी.डी शर्मा का पूरे कटनी वासियों की ओर से हार्दिक आभार वन्दन अभिनन्दन किया है।

**पटवारी द्वारा बिना मौका मुआयना किये दिया गया प्रतिवेदन**

# रिकॉर्ड सुधार संबंधी गलत प्रतिवेदन देने वाला बचैया का पटवारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अनुविभाग बहोरीबंद के पटवारी हल्का नंबर 45 ग्राम बचैया के पटवारी सुबोध साहू को राजस्व रिकॉर्ड में सुधार संबंधी प्रतिवेदन बिना अभिलेखों के परीक्षण और स्थल का मौका मुआयना किये बिना आवेदक बचौया निवासी श्री मारू पिता करोड़ीलाल के संबंध में जानबूझकर गलत प्रतिवेदन देना महंगा पड़ गया। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर मंगलवार को एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया ने पटवारी श्री साहू के कृत्य को घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता मानते हुए पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

निलंबन अवधि में पटवारी श्री साहू का मुख्यालय तहसील कार्यालय बहोरीबंद नियत किया गया है और निलंबन काल में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

कलेक्टर की विशेष मौजूदगी में गुरूवार 19 जून को ग्राम बचैया में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान यह मामला संज्ञान में आया। जिसमें बचैया निवासी श्री मारू द्वारा बताया गया कि खसरा नंबर 205/1, 893/1, 901/1 कुल रकबा 1.18 हेक्टेयर में दर्ज आवेदक के नाम को सुधार किये जाने का आवेदन दिया गया था। कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर आवेदन के संबंध में जांच किए जाने पर पाया गया कि आवेदक द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व न्यायालय में प्रचलित मामले के संबंध में तत्कालीन हल्का पटवारी सुबोध साहू द्वारा जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। यह जांच प्रतिवेदन पटवारी द्वारा आवेदक से बिना कोई संपर्क किए और आवेदन के संबंध में पटवारी द्वारा कोई दस्तावेज प्राप्त करना एवं मौके पर जांच करना नहीं पाया गया। पटवारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के साथ मौका पंचनामा निर्मित नहीं किया गया।

बिना मौका जांच और आवेदक श्री मारू से दस्तावेज प्राप्त किए पटवारी श्री साहू द्वारा आवेदन में प्रस्तुत दस्तावेजों को नजरअंदाज करते हुए एसडीएम कोर्ट में प्रस्तुत आवेदन को जानबूझकर खारिज कराये जाने की मंशा से गलत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाना पाया गया। जिससे आवेदक को अपने आवेदन में उल्लेखित त्रुटि सुधार योग्य होने के बावजूद दूषित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने से तत्कालीन पीठासीन अधिकारी द्वारा अस्वीकार कर दिया गया। जिससे आवेदक को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ा तथा उसका राजस्व अभिलेखों में नाम सुधार न होने से अन्य शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित रहना पड़ रहा है।

इसलिए पटवारी साहू के इस कृत्य को मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम का उल्लंघन होकर कदाचरण की श्रेणी में मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

## हत्याकांड के आरोपितों का पुलिस ने निकाला जुलूस



माधव नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रोहित चंचलानी हत्याकांड मामले में आरोपी आकाश पोपटानी, दीपक मोटवानी, महेश कुमार आडवानी का पुलिस ने जुलूस निकाला। पुलिस की कड़ी सुरक्षा में हथकड़ियों में पैदल ले जाकर घटनास्थल तस्दीक करवाया। बुधवार को निकाले गए इस जुलूस में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर एकत्रित हो गए और आरोपियों की तस्वीरें व वीडियो बनाते नजर आए। पुलिस ने बदमाशों का जुलूस निकालकर जनता को यह संदेश देने का प्रयास किया कि अपराध को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना प्रभारी माधव नगर अभिषेक चौबे के अनुसार, पुलिस ने आरोपी को घटनास्थल पर ले जाकर पूरे घटनाक्रम का रिक्रिएशन करवाया। दीपक सहित दो अन्य आरोपियों ने बताया कि वह किस रास्ते से आया और वारदात के बाद कैसे फरार हुआ।

# जिले में चलाया जा रहा निक्षय अभियान जिले की 12 ग्राम पंचायतें हुई टीबी मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान का द्वितीय चरण जारी है। अभियान के तहत इस वर्ष अब तक 1 हजार 940 क्षय मरीजों की खोज की गई है। साथ ही इस कार्यक्रम के तहत फूड बास्केट वितरण का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

### 1940 टीबी मरीजों की खोज

कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला क्षय अधिकारी डॉ. शैलेंद्र दीवान ने बताया कि जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पूरे प्रदेश की भांति जिले में भी वर्तमान में 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान का द्वितीय चरण चल रहा है। इसके तहत पूरे जिले में अधिक से अधिक संभावित क्षय रोगियों की एक्सरे तथा नॉट जांच के माध्यम से खोज कार्य जारी है। इस वर्ष अब तक 1940 टीबी मरीजों की खोज करते हुए उन्हें क्षय निरोधक औषधियों प्रदान की गई हैं। साथ ही निक्षय मित्रों के माध्यम से अब तक टी बी मरीजों को 1541 फूड बॉस्केट का वितरण जिले में किया जा चुका है।

### टीबी मुक्त हुई 12 पंचायतें

इसके अतिरिक्त वर्ष 2024-25 हेतु जिले की कुल 12 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त भी घोषित किया गया है। इसमें ग्राम पंचायत कन्हवारा, खमतरा एवं सलैया, विजयराघवगढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरा खुर्द, देवरी मझगवां, डीघी, हरदुआ हनुमान एवं मोहास, ढीमरखेडा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरही, गूढा एवं महनेर तथा बड़वारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जगुवा शामिल हैं। इनमें 11 ग्राम पंचायत को प्रथम बार टीबी मुक्त घोषित किया गया है जबकि ग्राम पंचायत जगुवा लगातार दूसरी बार टीबी मुक्त घोषित की गई है।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर द्वारा जिले के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों, एनजीओ को अधिक से अधिक संख्या में निक्षय मित्र बनाते हुए टी बी मरीजों को फूड बॉस्केट वितरित किये जाने का आव्हान किया गया है।

**विधायक ने कार्यकर्ताओं की मांग पर विचार करने दिया आश्वासन**

# डॉ कमलेश धुर्वे को बड़वारा बीएमओ बनाये जाने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



आशा कार्यकर्ता संघ की बड़वारा इकाई की ब्लाक अध्यक्ष श्रीमती धनिया बाई विश्वकर्मा के नेतृत्व में बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पूर्व में ब्लाक मेडिकल आफिसर के पद पर पदस्थ रहे डॉ कमलेश धुर्वे को बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लाक मेडिकल आफिसर के पद पर पुनः पदस्थ करवाये जाने की मांग को लेकर बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह को ज्ञापन सौंपी हैं। ज्ञापन के माध्यम से बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह को अवगत करवाया गया कि बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ रहे बीएमओ डॉ अनिल झामनानी का सीएमएचओ पद पर प्रमोशन हो जाने से वे जिला निवाड़ी में पदस्थ हो चुके हैं।

डॉ कमलेश धुर्वे के कार्य व व्यवहार से बड़वारा क्षेत्र की सभी आशा कार्यकर्ताएं सन्तुष्ट थीं। कमलेश धुर्वे के बीएमओ रहने के दौरान समस्त आशा कार्यकर्ताओं को शासन द्वारा दिए जाने वाले मासिक मानदेय व विभिन्न गतिविधियों में कार्य करने पर दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान प्रत्येक माह प्राप्त हो जाता था। आशा कार्यकर्ताओं के साथ ही पूरे बड़वारा क्षेत्र की जनता भी कमलेश धुर्वे के कार्यों से सन्तुष्ट थी।

बड़वारा क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओं ने विधायक से मांग की है कि बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कमलेश धुर्वे को ब्लाक मेडिकल आफिसर पद पर पदस्थ कराया जाए। जिससे हम आशा कार्यकर्ताओं को समय से मानदेय व स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्य करवाये जाने पर दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का प्रत्येक माह सम्पूर्ण भुगतान प्रदान किया जा सके।

ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लाक अध्यक्ष श्रीमती धनिया विश्वकर्मा, किरण निगम ,कृष्णा निगम, सरिता सोनी, रोशनी कोरी, शिवकुमारी रघुवंशी, सुशीला पटेल,लीला विश्वकर्मा, शीतला कुशवाहा, सुन्ती बाई, मिथिला यादव,सोमवती पटेल, ममता केवट आशा कार्यकर्ताएं मौजूद रहीं। सभी ने विधायक से डॉ कमलेश धुर्वे को ब्लाक मेडिकल आफिसर पद पर पदस्थ करवाने की मांग की जिस पर विधायक ने उनकी मांगों पर पूर्वक विचार किये जाने का आश्वाशन दिया।

## समग्र ई. के.वाय.सी कार्य की प्रगति की समीक्षा कर उपायुक्त ने दिए निर्देश

# डोर टू डोर संपर्क कर आपसी समन्वय से कार्य पूर्ण करानें के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





शासकीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिकों को निर्धारित समय पर प्रदान करनें के उद्धेश्य से निगम प्रशासन के माध्यम से कराये जा रहे समग्र ई-केवाईसी कार्य की प्रगति की समीक्षा उपायुक्त शेलेश गुप्ता की जाकर उपस्थित अधिकारियों कार्य में प्रगति लानें हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में सहायक महिला बाल विकास अधिकारी अनुपमा आटे, राजस्व अधिकारी एवं नोडल अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक नोड़ल अधिकारी सागर नायक, सामुदायिक संगठक सनद विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त श्री गुप्ता द्वारा ई-केवाईसी कार्य हेतु नगर निगम एवं महिला बाल विकास की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं गठित दल के कर्मचारियों से कार्य के दौरान आ रही दिक्कतों के संबंध में जानकारी ली जाकर आपस में समन्यवय स्थापित कर प्राथमिकता के साथ शेष बचे केवाईसी कार्य को पूर्ण करानें के निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम एवं महिला बल विकास की कार्यकर्ताओं को अपनें-अपनें क्षेत्र में रोजाना डोर टू डोर भ्रमण करनें, आपस में मोबाईल नंबरों का आदान-प्रदान कर सहभागिता एवं कुशलतापूर्वक कार्य करनें के साथ ही कचरा गाड़ी के माध्यम से ई-के.वाई.सी कार्य का वार्डो में प्रचार-प्रसार करनें के निर्देश दिए।

सहायक महिला बाल विकास अधिकारी अनुपमा आटे द्वारा बैठक के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकताओं को शासन द्वारा संचालित इस महत्पूर्ण अभियान को गंभीरतापूर्वक लेते हुए प्रातः 10 बजे से कार्य में जुटकर अपनें क्षेत्र के लंबित हितग्राही की सूची तैयार कर नगर निगम के माध्यम से इस कार्य को शीध्र पूर्ण करनें के निर्देश दिए। बैठक के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा इस कार्य में आनें वाली समस्याओं की भी जानकारी दिए जानें पर उनका निराकरण कराया गया। बैठक में पर्यवेक्षक, आँगनवाडी कार्यकर्ता, राजस्व उपनिरीक्षक,वार्ड वसूलीकर्ता, वार्ड दरोगा, कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर पालिक निगम कटनी एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### आठ सालों से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**कटनी।** निवार चौकी पुलिस ने 8 वर्षों से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी नेहा मौर्य ने बताया कि वारंटियों की घर पकड़ करने एवं क्षेत्र में आपराधिक कृत्यों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा निर्देश दिए गए हैं। निवार चौकी पुलिस विगत 8 वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटी लखापतेरी निवासी राहुल मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### क्षमता से अधिक रेत से भरे डंपर को एसडीएम ने पकड़ा, पुलिस अभिरक्षा में सौंपा, खनन विभाग को सौपी जांच



**पवई।** नगर में इन दिनों क्षमता से अधिक रेत से भरे डंफरों की धमा चौकड़ी जारी है। अक्सर ही में इन डंपरों की वजह से नगर में कई जगहों पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।इसी को देखते हुए अपनी निष्पक्ष और कठोर कार्यवाही के लिए प्रख्यात पवई एसडीएम समीक्षा जैन ने मंगलवार को पवई मोहन्द्रा मार्ग पर हड़ा मोड़ के पास एक क्षमता से अधिक भरे हुए रेत के डंपर को पकड़ा, दस्तावेजों की जांच की, क्षमता से अधिक भरे होने की वजह से एसडीएम ने कार्रवाई करते हुए उसे खनन विभाग को कार्यवाही के लिए सौंप दिया है। फिलहाल अभी डंपर पवई पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है बुधवार को खनन टीम के द्वारा आकर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही पवई एसडीएम ने कहा कि आने वाले समय में भी क्षमता से अधिक भरे हुए वाहनों,डंपर इत्यादि पर इसी तरह की कार्यवाही जारी रहेगी।

### विकासखण्ड एवं तहसील स्तरीय कार्यालयों में भी लागू होगी ई-ऑफिस प्रणाली

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार ई-ऑफिस प्रणाली का क्रियान्वयन अब सभी विकासखण्ड और तहसील स्तर के कार्यालयों में भी किया जाना है। राजस्व विभाग अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कम्प्यूटर दक्ष सहयोगी स्टॉफ को शासकीय ई-मेल आईडी बनवाने, ईएमडी शीट में जानकारी भरकर भेजने तथा ई-ऑफिस परिचय संबंधी प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में 25 एवं 26 जून को दिया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने सभी एसडीएम को अपने विकासखण्ड स्तरीय संबंधित लोकसेवकों के साथ निर्धारित तिथि को प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को गुनौर अनुभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक तथा पवई एवं शाहनगर अनुभाग के शासकीय सेवकों का प्रशिक्षण दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया गया है, जबकि पन्ना एवं अजयगढ़ अनुभाग का प्रशिक्षण गुरूवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है।

### पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहर, संस्कृति, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों एवं पर्यटन महत्व की संभावनाओं से परिचित कराने के लिए इस वर्ष भी पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसका प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में पर्यटन के प्रति जागरूकता विकसित करना, प्रदेश की पर्यटन विरासत से अवगत कराना, पर्यटन की अपार संभावनाओं तथा रोजगार के रूप में पर्यटन को अपनाने संबंधित उन्मुखीकरण करना, प्रदेश में पर्यटन विरासत का प्रचार-प्रसार करना तथा प्रदेश में प्रगतिशील पर्यटन संभावनाओं की आधारशिला तैयार करना है। उत्सव के रूप में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इसके लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया जाएगा। संबंधित स्कूलों द्वारा क्विज प्रतियोगिता हेतु गठित टीम का पंजीयन ऑनलाइन माध्यम व निर्धारित लिंक से 25 जून से प्रारंभ हो गया है। आगामी 18 जुलाई को शाम 5 बजे तक पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराया जा सकता है। क्विज के जिला नोडल अधिकारी अशोक चतुर्वेदी ने बताया कि जिला स्तर पर प्रश्नोत्तर हल करने के बाद सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 6 टीमों को मल्टीमीडिया ऑडियो विजुअल चरण में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। इस राउंड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भी सहभागी होगी। जिला स्तर पर प्रतियोगिता की तिथि 1 अगस्त को प्रातः 9 बजे से रहेगी। क्विज प्रतियोगिता की विजेता टीमों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पन्ना में क्विज मास्टर रामकिशोर गर्ग 9827716408 से संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य, सभी स्कूल संचालकों को निर्देशित किया गया है कि प्रतियोगिता के लिए अधिक से अधिक टीमों का पंजीयन कराएं।

---

लगातार हो रहे सड़क हादसे को लेकर पुलिस द्वारा किया जा रहा लोगों को जागरूक

# हेलमेट लगाने से गुलाब की तरह खिलेगी लाइफ, ट्रैफिक रूल्स के प्रति रहे अवेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

ट्रैफिक रूल्स का करो सम्मान न होगी कोई दुर्घटना और न होगे परेशान, ना कटेगा कोई चालान सफर की दूरी कितनी भी कम हो, हेलमेट लगाना है जरूरी, तभी रहेंगी सुरक्षा पूरी, हेलमेट लगाने से गुलाब की तरह खिलेगी जिंदगी। कुछ इस तरह के स्लोगन के माध्यम से पुलिस अफसरों द्वारा जिले वासियों एवं वाहन चालकों को अवेयर किया जा रहा है वाहन चालकों को ट्रैफिक रूल्स के प्रति अवेयर करने के लिए पुलिस स्टाफ द्वारा वाहन चैकिंग के साथ ट्रैफिक रूल्स की जानकारी देते हुए अवेयर किया जा रहा है दरअसल लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं एवं लोगों द्वारा नियमों का पालन नहीं करने के चलते आए दिन लोगों की हादसों में मौत सहित गंभीर रूप से घायल हो जाने और मामूली चोटे आने की घटनाएं सामने आती रहती है इसी के प्रति पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान लोगों को हेलमेट व सीटबेल्ट लगाने के लिए अवेयर किया जा रहा है एसडीओपी तेंदूखेड़ा डीएस सिंह ठाकुर ने बताया कि दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के निर्देशन में विभिन्न थाना पुलिस द्वारा अभियान चलाकर आमजन को ट्रैफिक रूल्स के प्रति जागरूक किया जा रहा है एवं हेलमेट व सीटबेल्ट लगाकर सफर करने लोगों को सलाह दी जा रही है।

तेंदूखेड़ा एसडीओपी डीएस ठाकुर ने कहा अधिकतर सडक़ दुर्घटनाएं यातायात नियमों का पालन न करते हुए चलने से होती हैं इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि यातायात नियमों का अनुपालन खुद करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें घर से निकलते समय हेलमेट का उपयोग करें जिससे आप सुरक्षित रह सकें मार्ग दुर्घटना में यदि कोई घायल दिखता है तो संवेदना दिखाते हुए पुलिस को सूचित करें, जरूरी हो तो उसे अस्पताल तक भेजने में मदद करें। यही सच्ची मानवता है।



**डीएस ठाकुर**
**एसडीओपी तेन्दूखेडा**

## ट्रैफिक नियमों का पालन करना सभी का कर्तव्य

थाना प्रभारी तेंदूखेड़ा नीतेश जैन कहते हैं कि हेलमेट पुलिस चैकिंग से बचने के लिए नहीं, बल्कि खुद की जान बचाने के लिए पहनना जरूरी है। लगातार सडक हादसों में लोगों की जान जा रही है। इसकी वजह वाहन चालकों द्वारा हेलमेट नहीं पहनना है हादसों में मृत्युदर में कमी लाने और लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाया जाता है अपनी और परिवार की सेफ्टी के लिए हेलमेट और सीटबेल्ट बेहद जरूरी है।



**नीतेश जैन**
**थाना प्रभारी तेन्दूखेड़ा**

थाना प्रभारी तेजगढ़ अरविंद ठाकुर कहते हैं कि वाहन चालकों को जागरूक होने की जरूरत है, क्योंकि ट्रैफिक नियम उनकी सुविधा के लिए बनाए गए है। यदि नियमों का पालन किया जाए तो वाहन चालकों को कभी कोई परेशानी नहीं होगी, लेकिन देखा जा रहा है कि वाहन चालक नियमों का उल्लंघन कर रहे है जो उनके लिए घातक हो रहे है। सभी को नियमों का पालन करना चाहिए ।



**अरविंद ठाकुर**
**थाना प्रभारी तेजगढ़**

तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित कहते हैं कि दुर्घटना से रखनी है दूरी तो हेलमेट है सबसे जरूरी। जान है तो जहान है, लेकिन वाहन चालक सब जानते हुए भी अंजान बने रहते है और रूल्स का पालन नहीं करते है। जब सड़क हादसे में किसी की मृत्यू होती है तो इसका असर पूरे परिवार पर पड़ता है. लोग ये बात समझते नहीं है। हम सब को नियमों का पालन करना चाहिए तभी लाइफ सुरक्षित रहेगी ।



**राजीव पुरोहित**
**थाना प्रभारी तारादेही**



जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान कहते हैं कि हेलमेट लगाने के लिए लोगों को लगातार वाहन चेकिंग के माध्यम से चालानी कार्रवाई करते हुए अवयेर किया जा रहा है। लेकिन अभी भी लोगों को समझ नहीं रहे हैं। हेलमेट उनको कितना सुरक्षित रखता है, ये समझना चाहिए। ट्रैफिक रूल्स का पालन सभी को करना चाहिए।

**विकास सिंह चौहान थाना प्रभारी जबेरा**



नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल कहते है कि पुलिस द्वारा ट्रैफिक रूल्स के साथ ही हेलमेट अवेयरनेस के लिए विविध प्रोग्राम किए जाते हैं। लेकिन इसके बाद भी लोग नियमों का पालन नहीं करते है। लोगों को समझाया जा रहा है कि हेलमेट जीवन के लिए कितना जरूरी है सभी लोगों को बाइक चलाते वक्त हेलमेट का उपयोग करना चाहिए।

**अभिषेक पटेल थाना प्रभारी नोहटा**

---

# सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**दमोह।** असाटी संस्कार भवन में रश्मि संदीप असाटी नगर वालों के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन संपन्न हुआ। सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम के शुभारंभ में आयोजक व समाज की उपस्थित वहनों के द्वारा राम दरबार के समक्ष पूजा अर्चना कर सुंदरकांड का आरंभ किया गया। अध्यक्ष श्रीमती नेहा असाटी ने बताया कि समाज की सभी बहनों ने सहयोग प्रदान किया। सुंदरकांड के पश्चात सभी ने हनुमान चालीसा कर सामूहिक आरती की। कार्यक्रम में असाटी समाज की अधिक संख्या में मातृ शक्तियों की उपस्थिति रही। वहीं आयोजक द्वारा उपस्थित सभी बहनों को श्रृंगार समान वितरण किया गया व जलपान करवा कर उन्हें प्रसाद वितरण करके कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

# कृषि मंडी में वीरांगना दुर्गावती के बलिदान दिवस पर हुआ आयोजन

### गोंडवाना साम्राज्य गढ़ के लोगों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को गोंडवाना साम्राज्य गढ़ मंडला की वीरांगना रानी दुर्गावती जी का 461 व बलिदान दिवस समारोह गोंड समाज महासभा के तत्वाधान में कृषि उपज मंडी प्रांगण तेंदूखेड़ा में मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष धीरज सिंह सारुता अध्यक्ष गेंड समाज महासभा मध्य प्रदेश कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती बबीता सिंह पोरते सभापति जिला पंचायत दमोह विशिष्ट अतिथि तुलाराम यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा पोरते सह सचिव गोंड समाज महासभा मध्य प्रदेश सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर वीरांगना रानी दुर्गावती के चरण कमलो पर पुष्प अर्पित कर 5 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं पूजन किया गया। तत्पश्चात मंच पर उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों का पुष्प माला व हल्दी चंदन अक्षत से तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद बाल कलाकारों द्वारा श्रद्धांजलि गीत प्रस्तुत किए गये। डब्बल सिंह ठाकुर द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित कविता का गायन किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष धीरज सिंह सारुता ने अपने संदेश में कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती ने मुगलों के साथ लोहा लिया एवं भारत को स्वतंत्र करने की नींव रखी ऐसी वीरांगना रानी पर गोड समाज को गर्व है और उन्हें हमेशा शहीदों में याद किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलाराम यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा ने अपने संदेश में कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती वीरता और साहस की मूर्ति थी इनका बलिदान इतिहास में सदैव याद रखा जाएगा। बलिदानी रानी ने अपने देश व मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी इन्हें सदैव अमर शहीदों में याद किया जाएगा। आदिवासी समुदाय के लोगों ने कृषि भूमि से बेदखल किए जाने के संबंध में तहसीलदार विवेक व्यास को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा। कार्यक्रम में उपस्थित तेजी सिंह ठाकुर हुकम सिंह ठाकुर, चित्रर सिंह मरकाम, खड़ग सिंह ठाकुर, शंकर सिंह तेकाम, सीताराम सोयाम, अनरत सिंह, ऐडालीत, महेंद्र सिंह मरकाम, लक्ष्मी तेकाम पूजा ठाकुर, मुंशीलाल तेकाम, घनश्याम सिंह, पोरते योगेंद्र सिंह तेकाम, भज्जू सिंह, ऐडाली डब्बल सिंह ठाकुर, विशाल सिंह परस्ते, कमल सिंह तेकाम, सीताराम धुर्वे, रामकुमार परस्ते, प्रताप सिंह मरावी, प्रहलाद सिंह ठाकुर, चन्नू सिंह ठाकुर, खुमान सिंह धुर्वे, हुकम सिंह सोयाम, अंगद सिंह, कल्याण सिंह ठाकुर एवं सैकड़ो की संख्या में समस्त आदिवासी समाज के लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

---

दीनी सवाल-जबाब प्रोग्राम में बच्चों को इनामात से नवाजा गया

# मदरसा नूरी- फरीदी में यादगार इस्लाहे मुशायरा कान्फ्रेंस सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया



स्थानीय नूरी फरीदी मदरसा में नूरी फरीदी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी के परचम तले शानदार इसलाहे मुआशरा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रोग्राम की सदारत नूरी फरीदी मस्जिद के पेश इमाम हाफिज व कारी जनाब इरफान रजा खान बरकाती ने की। इस मौके पर आयोजित दीनी सवाल जबाब प्रोग्राम में मदरसा में दर्ज 120 बच्चों मे से 44 बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान अनेक बच्चों ने कुरआन की आयतों को शानदार कृत व तरजुमा के साथ पेश किया। बच्चों ने एकल एवं समूह मे भाग लेकर दीनी सवालों के शानदार जबाब देकर सबका दिल जीत लिया। इस मौके पर हाफिज व कारी जनाब खलील रजा खान साहब दमोह, जामा मस्जिद हिण्डोरिया के पेश इमाम मौलाना जनाब तनवीर रजा मिस्बाही खान साहब, जामा मस्जिद गैसाबाद के पेश ईमाम हाफिज़ जनाब अब्दुल खालिक खान साहब, हाफिज जनाब शाहिद खान नूरी के द्वारा यादगार नाते पाक व तकरीरी प्रोग्राम पेश किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रोग्राम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। एवं तबर्रूक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जामा मस्जिद के सदर हाजी नवाब खान , हाजी रफीक खान मासाब, हाजी बहादुर रहमान सहित बड़ी संख्या में नूरी फरीदी वेल फेयर सोसाइटी के पदाधिकारी एवं नगर के मुस्लिम महिला , पुरुष, बुजुर्ग एवं बच्चे मौजूद रहे।

# रानी दुर्गावती का गौरवशाली इतिहास सभी को प्रेरणा देता है



**तेंदूखेड़ा।** गढ़ा गोंडवाना की रानी अमर वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के अवसर पर क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रानी दुर्गावती के गौरवशाली इतिहास को याद किया है। रानी दुर्गावती का बलिदान भारतवर्ष हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कुशल शासन के रूप में प्रजा के लिए निरंतर कार्य किया तथा आजादी में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति देकर भारत देश को आजाद कराया। जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के कार्यकर्ताओं द्वारा अमर वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर ग्राम सिंग्रामपुर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि रानी दुर्गावती का गौरवशाली इतिहास हम सभी को प्रेरणा देता है। रानी दुर्गावती नाम के अनुरूप ही अपने साहस , शौर्य ,तेज एवं कुशल शासक के रूप में हमेशा याद रहेगी। भारतीय इतिहास में उनका बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर हम सभी उनको कोटि-कोटि नमन करते हैं इस अवसर पर नीलेश यादव, मंन्टू आदिवासी,छोटू वारेला, गोपाल, रमेश आदिवासी, गिरधारी परस्ते,मनु मरावी सहित वड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

---

# संविधान हत्या विरोध दिवस पर व्याख्यान माला का आयोजन



**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में 25 जून को संविधान हत्या विरोध दिवस के अवसर पर एक व्याख्यान माला का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.पी चौधरी के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जी.पी चौधरी ने विद्यार्थियों को अनुशासन की भावना विकसित करने पर बल दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अवधेश जैन के द्वारा आपातकाल के दौरान समाज पर पड़े प्रभावों पर प्रकाश डाला डॉ. राजेश पौराणिक ने बताया कि मौलिक अधिकारों के साथ कर्तव्य बोध की भावना होना भी आवश्यक है, मंच का संचालन करते हुए डॉ. अजय कुमार सिंह ने आपातकालीन घटनाओं पर प्रकाश डाला डॉ. डी.के नेमा ने आपातकाल हत्या विरोध दिवस के अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किये इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्राओं की सहभागिता रही आभार डॉ. संगीता जग्गी ने माना।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बटियागढ़



राज्य सरकार के निर्देश पर प्रखंड में अलग-अलग तिथियों पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी को लेकर बुधवार को बटियागढ़ के सादपुर पंचायत पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया।

मेगा शिविर मे किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग बटियागढ़ द्वारा उड़द प्रदर्शन का बीज माननीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वितरित किया गया साथ ही साथ किसानों को तकनीकी पद्धति से किस प्रकार खेती करना है नैनो यूरिया नैनो डीएपी के उपयोग की जानकारी किसानों को डीएपी के अन्य विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र कटारे, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मंगल कुशवाहा, क्षेत्रीय जनपद सदस्य, सरपंच, एस डी एम पथरिया निकेत चौरसिया, जनपद पंचायत बटियागढ़ सीईओ अश्विनी कुमार सिंह, तहसीलदार बटियागढ़ योगेन्द्र चौधरी, कृषि विभाग से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दिनेश कुमार पटेल अन्य कृषि विभाग के अधिकारियों सहित स्वास्थ्य कर्मी इस शिविर में की उपस्थिति रही।

आपातकाल की 50 वर्ष पर भाजपा ने आयोजित की संगोष्ठी

# आपातकाल भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था - बृजेन्द्र प्रताप सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह




भारतीय जनता पार्टी द्वारा आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संविधान हत्या दिवस काला दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे साथ ही पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया, जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, महामंत्री सतीश तिवारी, लोकतंत्र सेनानी संघ जिला अध्यक्ष निर्गुण खरे, वरिष्ठ सेनानी हुकम चंद जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष विद्यासागर पांडे संगोष्ठी संयोजक अमित बजाज मंचासीन रहे। संगोष्ठी में लोकतंत्र सेनानी संघ एवं सभी लोकतंत्र सेनानियों का पुष्प हार पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया

पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने संबोधन में कहा कि आज हम एक ऐसे काले दिन को स्मरण कर रहे हैं, जो भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज है। आज से 50 वर्ष पहले 25 जून 1975 को, कांग्रेस की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश पर आपातकाल थोपा था। यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था। यह सत्ता बचाने की लालसा में संविधान को रौंदने का कुत्सित प्रयास था। आपातकाल लगाने का उद्देश्य नेहरू-गांधी परिवार का सत्ता पर वर्चस्व बनाए रखना था। इसके लिए संविधान को ताक पर रख दिया गया, प्रेस की स्वतंत्रता छीन ली गई, न्यायपालिका को बाध्य किया गया और लाखों लोगों को बिना कारण जेलों में डाल दिया गया। आपातकाल लगाकर नागरिक अधिकारों को कुचल दिया गया। विचार रखने की स्वतंत्रता, लिखने की स्वतंत्रता, बोलने की स्वतंत्रता, सब पर ताले जड़ दिए गए। लोकतंत्र की 'आत्मा को कुचलकर तानाशाही थोपी गई और मौलिक अधिकारों का अपहरण किया। 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक निर्णय में श्रीमती इंदिरा गांधी के चुनाव को अमान्य ठहराया और उन्हें छह वर्षों तक चुनाव लड़ने से रोक दिया। लेकिन इस निर्णय को स्वीकार करने की बजाय, सत्ता बचाने के लिए आपातकाल थोप दिया गया। यह वह समय था जब संसद से लेकर सड़कों तक, सत्य, स्वतंत्रता और लोकतंत्र के लिए संघर्ष शुरू हुआ। हजारों की संख्या में सत्याग्रही, समाजसेवी, पत्रकार, श्रमिक, किसान, युवा और महिलाएं सड़कों पर उतरे। अनेक लोग जेल गए, अत्याचार सहे लेकिन झुके नहीं। मैं उन सभी वीरों को नमन करता हूँ, जिन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी। जिन्होंने यह साबित किया कि भारत की आत्मा को कभी कैद नहीं किया जा सकता । जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि आज से 50 वर्ष पूर्व 1975 में एक विदेशी का घाटी जिसमें तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश में आपातकाल लगाया। आज वह काला दिवस है जिसे हम 50 वर्षों से याद कर मना रहें हैं। 1947 में जब देश स्वतंत्र हुआ तो इस सोच के साथ लोकतंत्र की स्थापना हुई थी सभी वर्गों को स्वतंत्र विचारों, रहन-सहन खान पान, धार्मिक, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मिलेगी लेकिन 1975 में देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की तीन स्तंभों पर पाबंदी लगा दी गई। लोगों पर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना दी गई। जिसकी कल्पना करना भी मुश्किल है। पूर्व जिला अध्यक्ष विद्यासागर पांडे ने कहा कि आपातकाल के दिन याद कर आज भी रूह कांप उठती है। जिस तरह कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने लोगों पर अत्याचार किया उसे याद करना किसी बुरे सपने के जैसा है। लोकतंत्र सेनानी संघ जिला अध्यक्ष निर्गुण खरे ने आपातकाल की संस्मरण सुनाते हुए बताया कि जब देश में आपातकाल लगा तब देश के विभिन्न कोनों में अपनी विरोधी विचारधारा वाले राजनीतिक व्यक्तियों पत्रकारों आदि को जेल में डाल दिया गया ऐसे दिन में जेल में बंद लोगों के परिवारों की क्या स्थिति रही होगी इसकी कल्पना करना भी मुश्किल है। संगोष्ठी आयोजन संयोजक अमित बजाज ने प्रस्तावना रखी। मंच संचालन जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी एवं आभार प्रकट संगोष्ठी सह प्रभारी महेश पटेल ने किया। संगोष्ठी आयोजन टोली में संतोष रोहित, राजुल चौरहा सम्मिलित रहें।

# बड़ी लापरवाही: एक साल पहले मिली राशि, फिर भी जबेरा जंप के 29 स्कूल भवनों की मरम्मत नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिले ने 15 जून को नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होगा। फिर से स्कूलों में रौनक लौटेगी। लेकिन, जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत अब तक नहीं हो पाई है। जबकि, एक वर्ष पहले ही जिला गौंड खनिज मद से राशि जारी कर दी थी। जिसमें जनपद जबेरा 29 स्कूल भवनों का जीर्णोद्धार करना था। लेकिन इन स्कूल भवनों में काम अभी तक चालू नहीं किया गया है। ऐसे में कई जर्जर स्कूल भवनों में छत से टपकते पानी के बीच बच्चों को पढ़ाई करना पड़ेगी है बदहाल भवनों की मरम्मत नहीं होने से स्कूल खुलने के बाद विद्यार्थियों की पढ़ाई पर असर पड़ेगा। इसके अलावा बरसात के मौसम में छात्रों को बैठने में भी दिक्कत होती है। हैरानी की बात तो यह जबेरा जनपद के एक भी स्कूल भवनों की मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ जिससे दूसरे चरण के स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए आने वाली राशि रुकी हुई क्योंकि जो राशि जारी हुई थी उन भवनों का मरम्मत कार्य प्रारंभ नहीं हुआ।

## सरपंची ने जर्जर शाला भवनों की मरम्मत में नहीं दिखाई रुचि

गौंड खनिज मद स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए जो राशि जारी हुई वह ग्राम पंचायत के खाते ने जारी हुई है और मरम्मत्कारी ग्राम पंचायतों को करवाना था लेकिन निर्माण कार्य में कोई गड़बड़ी या भ्रष्टाचार ना हो इसीलिए कलेक्टर दमोह जो गाइडलाइन तय की थी उसके अनुसार मरम्मत्कारी में सरपंचों के लिए कही से कोई फायदा होता नहीं दिखा तो उन्होंने स्कूल भवनों की मरम्मत कार्य में कोई रुचि नहीं दिखाई। जबेरा विकास खंड में कई प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के भवनों की मरम्मत के लिए राशि जारी हुई थी जिसमें प्राथमिक शाला घाना मैली के चार कक्ष तावरी बंशीपुर के 2 विजय सागर के 2 मंनगुवा घाट के 2 माध्यमिक शाला पिपरिया नवल के 4 माध्यमिक शाला पटना मानगढ़ 6 माध्यमिक शाला चिलोद 2 प्राथमिक शाला परस्वाहा 6 शाला पटी लरगुंवा 4 माध्यमिक शाला बडगुवा 5 माध्यमिक शाला पारना 5 माध्यमिक शाला सुरई 4 प्राथमिक शाला खैरी सिंगौरगढ़ 3 प्राथमिक शाला पटना दुर्गा 3 प्राथमिक शाला पटना कुआं 2 प्राथमिक शाला आमघाट 2 प्राथमिक शाला सगोड़ी खुर्द 4 प्राथमिक शाला रीछई मझघरा 4 प्राथमिक शाला छपरवाहा 4 माध्यमिक शाला परस्वाहा 6 प्राथमिक शाला पड़री 2 प्राथमिक शाला करनपुरा 3 माध्यमिक शाला कौरता 4 प्राथमिक शाला पड़रिया थोवन 3 प्राथमिक शाला बगलवारा 2 प्राथमिक शाला कठई 3 माध्यमिक शाला सगरा 3 प्राथमिक शाला मौसीपुरा 3 प्राथमिक शाला मंनगुवा मानगढ़ 3 सहित 29 स्कूलों के लिए राशि 73,00,000 जारी हुई थी। इस राशि से स्कूल भवनों की मरम्मत की जाएगी और छात्रों के लिए सुरक्षित और उपयुक्त शिक्षा का माहौल तैयार करना था।

## मानसून में होती है दिक्कत

जनपद जबेरा के ज्यादातर स्कूलों भवन जर्जर हो चुके हैं और दरवाजे टूट-फूटे हुए हैं। इससे छात्रों को परेशानी होती है। मरम्मत के लिए इन स्कूलों में गौंड खनिज मद से राशि जिससे सरकारी स्कूलों के छात्रों को दिक्कत न हो। लेकिन ग्राम सरकार के प्रधानों ने रची नहीं दिखाई और प्राथमिक माध्यमिक शालाओं में ज्यादातर बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ते हैं। और छतों से पानी टपकता है। जिससे फर्श गीला हो जाता है। इसके बाद भी सुधार कार्य नहीं हो रहा है। इसके अलावा स्कूल परिसरों में भी पानी भर जाता है। प्रवीण फुलपगारे जिला पंचायत सीईओ काकहना है हमारे जिले में कुछ जगह तो स्कूलों की मरम्मत का कार्य शुरू हुआ जबेरा जनपद की जानकारी लेते है क्यों मरम्मत कार्य नहीं हुआ है। ग्राम पंचायतों के द्वारा यह कार्य समय सीमा भी नहीं किया गया तो दूसरी एजेंसी के द्वारा मरम्मत कार्य करवाते हैं।

# वैश्य महासम्मेलन के शिरोमणि संरक्षक का जन्म दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्य प्रदेश वैश्य महा सम्मेलन के द्वारा लागातार ही समाज सेवा के कार्य किए जाते हैं। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास डागा जी के नेतृत्व में संपूर्ण मध्य प्रदेश में वैश्य युवा इकाई के द्वारा वैश्य महासम्मेलन के शिरोमणि संरक्षक उमाशंकर गुप्ता का जन्म दिवस सेवा दिवस के रूप में आयोजित किया गया जिसमें जिला युवा अध्यक्ष विकास अग्रवाल के निर्देशन में दमोह मुख्यालय सहित दमोह जिले की 6 तहसीलों में आदरणीय का जन्म दिन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें दमोह मुख्यालय में विद्यासागर गौशाला पहुंचकर गौ माता को हरा चारा व सब्जियों का भोजन कराया गया। वही सभी तहसीलों में बटियागढ़ पथरिया पटेरा हटा जबेरा तहसील अध्यक्षों के नेतृत्व में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दमोह मुख्यालय कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष के सी अग्रवाल नगर अध्यक्ष सत्य प्रकाश असाटी युवा संभागीय प्रभारी जुगल अग्रवाल नगर समिति संदीप अग्रवाल पूर्व नगर अध्यक्ष ललित असाटी युवा महामंत्री मनीष जैन उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता उपाध्यक्ष रवि अग्रवाल उपाध्यक्ष विनय असाटी उपाध्यक्ष सुलभ बजाज महेंद्र नेमा संदीप सराफ ज्ञानेंद्र इटोरिया अमित जैन सहित बड़ी संख्या में वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियो की उपस्थिति रही।

# बारिश व क्षेत्र की खुशहाली के लिये किसानों ने किया हरियाली अमावस्या का पूजन अर्चन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिले प्रसिद्ध सिद्ध धाम तपोभूमि गंगाझिरिया बीजाडोगरी हरियाली अमावस्या को देवी देवताओं की पूजन भजन किया गया वर्षो पुरानी परंपरा का निर्वाहन करते हुए खेती किसानी किसानों की खुशहाली के लिए जरूरी अच्छी बारिश की मंगल कामना की गई। जिसमें अंचल के किसानों ने देवी देवताओं को प्रसन्न करने के लिए भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। ग्राम के भोपाल सिंह लोधी ने बताते है कि पुरातन पंरपरा के चलते गांव खेर माता श्री रामकुमार जानकी मंदिर सिद्ध धाम गंगाझिरिया में सोमवार हरियाली अमावस्या के दिन पूजन करते हैं जिसमें किसान आमजन श्रद्धालु अच्छी बारिश से अच्छी खेती की खुशहाली के लिए देवताओं से मंगल कामना करते हुए पूजन संकीर्तन भजन करते हैं। इस अवसर ग्राम व क्षेत्र लोग सिद्ध धाम में एकत्रित होकर श्रद्धा-भक्ति से पूजन भक्ते भजन प्रथम पूजन का शुभारंभ खेर माता सिद्ध क्षेत्र धाम गंगाझिरिया सम्पन्न होती है। पूजन से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं गांव व किसानों पर देवी देवताओं कृपा बनी रहती है और प्राकृतिक आपदा नहीं आती है। अच्छी फसल आतीं हैं जिसमें किसान खेत खलिहान में खुशहाली आती है। इस दौरान पर बड़ी संख्या में किसान ग्रामीण पूजन में शामिल होकर भजन संकीर्तन करते हैं।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क प्री एग्रीकल्चर टेस्ट टेस्ट सीरीज 28 जून से प्रारंभ

**दमोह।** उप संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति द्वारा बताया गया की जिला प्रशासन दमोह एवं कृषि विभाग के विशेष सहयोग से जिले में प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की निःशुल्क कोचिंग का आयोजन किया गया है तथा निशुल्क टेस्ट सीरीज का भी आयोजन किया जा रहा है जिस हेतु उपसंचालक कृषि कार्यालय न्यू कलेक्ट्रेट परिसर कक्ष क्रमांक 70 दमोह संपर्क निःशुल्क टेस्ट सीरीज हेतु 26 जून 2025 तक आवेदन प्राप्त किए जा सकता है,।

### मिनि किट का किया वितरण

**दमोह।** विकासखण्ड हटा में विधायक उमादेवी खटीक द्वारा बीज वितरण किया गया, ग्राम पंचायत सिंगपुर विकासखण्ड बटियागढ़ में धरती आबा जनजातीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के समक्ष समूह उड़द प्रदर्शनों का 100 किसानों को वितरण किया गया जिसमें जन प्रतिनिधियों में जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र कटारे, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मंगल कुशवाहा, जनपद सदस्य केसवेंद्र सिंह, कृषि स्थाई समिति अध्यक्ष बटियागढ़, जनपद सदस्य कोदन आदिवासी, ग्राम पंचायत सिंगपुर के सरपंच, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निकेत चौरसिया, जनपद पंचायत सीईओ, तहसीलदार बटियागढ़ एवं कृषि विभाग से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बटियागढ़ दिनेश कुमार पटेल तथा समस्त कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे तथा आज धरती आबा मेगा शिविर ग्राम पंचायत मुड़ेरी में आयोजित किया गया जिसमें कृषि विभाग जबेरा द्वारा भाव सिंह लोधी, रूपेश सेन, बंटी दुबे, सत्यपाल सिंह ठाकुर, नोहटा सरपंच, सीईओ जनपद पंचायत के द्वारा रागी बीज मिनिकिट बीज वितरण किया गया।

### खाद्य व्यापारियों को दी गई समझाइश

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत दमोह जिले के खाद्य व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी प्रदान कर प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई) की फोस्टेक ट्रेनिंग कार्यक्रम के तहत कचौरा शॉपिंग सेंटर स्थित अंबेडकर भवन,दमोह एवं हटा नगर के ब्राह्मण धर्मशाला में अभिहित अधिकारी (डी.ओ खादय विभाग के सहयोग से फोस्टेक अधिकृत ट्रेनर हर्षवर्धन ताम्रकार, प्रखर फाउंडेशन के एम पी स्टेट हेड अंकित तोवानी एवं जिला प्रभारी प्रखर फाउंडेशन राजेश विश्वकर्मा द्वारा दमोह जिले के खाद्य व्यापारियों का खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में दमोह ब्लॉक एवं हटा नगर के लगभग 150 खाद्य व्यापारियों ने प्रतिभागी बनकर खाद्य सुरक्षा से संबंधित नियमों एवं प्रावधानों के बारे में अनिवार्य आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं का प्रदर्शन

## शराब माफियाओं के खिलाफ महिलाओं ने उठाई आवाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

जबेरा थाना की सिंग्रामपुर पुलिस चौकी के ग्राम राम सलैया में अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं ने चौकी प्रभारी आलोक तिरपुढे को ज्ञापन दिया है। महिलाओं का आरोप है कि गांव में तीन जगह अवैध शराब बेची जा रही है, जिससे गांव के बच्चे और युवा शराब के आदी होते जा रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि शराब के कारण गांव में लड़ाई-झगड़ा और अशांति का माहौल बना रहता है। स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भी बताया कि शराबी स्कूल में आकर तोड़फोड़ करते हैं और शौचालय में गंदगी करते हैं। महिलाओं ने चौकी प्रभारी से मांग की है कि गांव में अवैध शराब की बिक्री बंद कराई जाए। भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह ने भी मुख्यमंत्री और मंत्री से मांग की है कि गांव-गांव में ठेकों के माध्यम से शराब की बिक्री बंद कराई जाए और शराब माफियाओं पर कड़ी कार्यवाही की जाए। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्यवाही करता है और ग्राम राम सलैया में अवैध शराब की बिक्री बंद होती है या नहीं। महिलाओं को उम्मीद है कि प्रशासन उनकी समस्या का समाधान करेगा और गांव में शांति और सुरक्षा का माहौल बनाएगा।

# उपभोक्ता आयोग का आदेश, अनावेदक परिवादी को नया एसी प्रदान करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

परिवादी को अनावेदक द्वारा एक त्रुटि पूर्ण ए सी प्रदान किए जाने के मामले में उपभोक्ता आयोग ने एक माह के अंदर पारिवारिक को नया ए सी प्रदान करेगा। इसके अलावा सेवा में कमी में 7 हजार रूपये एवं वाद व्यय 3 हजार रूपये भी भुगतान करेगा प्रकरण में परिवादी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार नेमा द्वारा पैरवी की गई। परिवादी प्रीतेश अरोरा निवासी वैशाली नगर दमोह ने दिनांक 25 जून 20 को ऑप्शन टेलीकॉम घंटाघर दमोह से 32 हजार पांच सौ रूपये का ए सी खरीदा था उक्त ए सी शुरू से ही त्रुटि पूर्ण था जिसकी शिकायत परिवादी द्वारा कई बार अनावेदक हिताची कंपनी एवं डीलर से की गई थी।

अनावेदक द्वारा बताया गया की गैस लीक हो गई है जिसे सुधार दिया जाएगा और शिकायत का निराकरण कर दिया गया था।

अनावेदक ने गैस की राशि लगभग 8 हजार रूपये भी परिवादी से ली थी इसके बावजूद भी इसकी शिकायत का निराकरण नहीं किया गया था और उसे भीषण गर्मी में भी अपने ए सी की सुविधा प्राप्त नहीं हो सकी थी। तब मजबूर होकर अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद प्रस्तुत किया था। उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष ऋषभ कुमार सिंघई एवं सदस्य राजेश कुमार ताम्रकार ने अनावेदक हिताची कंपनी की सेवा में कमी मानते हुए अनावेदक कंपनी को एक माह के भीतर परिवादी को नया ए सी उसी मॉडल का प्रदान किए जाने का आदेश पारित किया है और सेवा में कमी में सात हजार रूपये एवं वाद व्यय तीन हजार रूपये अदा करेगा।

## दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय

**दमोह।** जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बारिश के मौसम मे आमतौर पर दूषित पानी से होने वाली बीमारियों-उल्टी, दस्त, पेचिश, हैजा, पीलिया, टाइफाइड जैसी बीमारियों से बचाव के संबंध में एडवायजरी जारी करते हुए आमजनों से आग्रह किया है कि मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। साफ, शुद्ध पेयजल का ही इस्तेमाल करें। डॉ. चटर्जी ने कहा है कि पानी जीवन है, लेकिन साफ शुद्ध न हो तो बीमारी भी देता है। पीने के लिए सुरक्षित पेयजल स्त्रोतों का ही पानी उपयोग करें। यदि पानी के दूषित होने की आशंका हो तो साफ कपडे से छान लें एवं क्लोरीन की गोली डालें एक घंटे बाद पानी को उपयोग में लायें। खाना बनाने के लिए साफ एवं सुरक्षित पानी का उपयोग करें। खाना बनाने, परोसने व खाने से पहले साफ पानी व साबुन से अच्छी तरह धोयें। ताजे बने भोजन और खाद्य वस्तुओं का सेवन करें। ज्यादा देर का बना भोजन व बासी खाद्य पदार्थों का सेवन न करें। हमेशा भोजन व खाद्य सामग्रियों को सही ढक्कन से ढंक कर रखें ताकि उसे मक्खियों और धूल आदि से दूषित होने से बचाया जा सके। सब्जियों व फलों को साफ पानी से धोने के बाद ही उपयोग करें। सब्जियों और फलों को साफ अथवा धुले हुए चाकू से काटें। गंदे सडे गले व कटे हुए फलों का व बाजार में खुले हुए खाद्य पदार्थों का सेवन नहीं करें। शौच के लिए शौचालय का ही इस्तेमाल करें। शौचालय को स्वच्छ रखें। घर के आस-पास पानी का भराव न होने दें। खुलें में कचड़ा न डालें। साफ-सफाई का हमेशा ध्यान रखें।

# राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली



**दमोह।** अपर कलेक्टर मीना मसराम ने पटेरा के उत्कृष्ट विद्यालय में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली, बैठक में एस.डी.एम हटा राकेश मरकाम, प्रभारी तहसीलदार शिवराम चढ़ार और राजस्व अमले सहित कर्मचारियों की मौजूदगी रही, बैठक में किसान फार्मर आई.डी और राजस्व सम्बंधित कार्यो की समीक्षा कर बिंदुवार चर्चा और प्रकरण निपटारे के निर्देश दिए गए, अधिकारियों ने अमले को आवश्यक निर्देश देकर समयसीमा में कार्य पूर्ण के निर्देश भी दिए।

# राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में दमोह का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण माह अक्टूबर-नवंबर 2024 में किया गया था जिसमे कक्षा 3, कक्षा 6 और कक्षा 9 का असेसमेंट हुआ है, जो की भारत सरकार ने कराया है। उन्होनें बताया मुझे खुशी है बताते हुए कि दमोह जिला तीनों कक्षाओं में टॉप-5 जिलों में शामिल हुआ है और निश्चित रूप से पिछले वर्ष हमारे शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों ने काफी मेहनत की थी। श्री कोचर ने कहा मुझे लगता है कि इसका पूरा श्रेय उन्हीं को जाता है और यह बात सही है कि यह केवल शुरुआत है, अभी हमें बहुत लंबा रास्ता तय करना है और इसमें 1-2 वर्ष का समय लग सकता है, लेकिन यदि इसी प्रकार से चलता रहा तो एक ना एक दिन जरूर दमोह की पूरी शिक्षा व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव आएगा, ऐसी मैं आशा करता हूँ।

### महाकाल अघोरी टीम रही आकर्षण का केंद्र

# शिव महापुराण कथा के पूर्व नगर में गाजे बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा







हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

बुंदेलखंड की धर्मपरायण उपकाशी हटा नगरी में पटेरा रोड सिविल कोर्ट के पास रुक्मणी निकेतन प्रांगण में छोटे सरकार जी के सानिध्य में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा शुभारंभ के पूर्व बुधवार को नगर में गाजे बाजे के साथ विशाल भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ मां चंडी जी मंदिर से मां जगत जननी का पूजन-अर्चन कर शुभारंभ किया गया जो रतन बजरिया से होते हुए बड़ा बाजार मंदिर मस्जिद चौराहा से अंधियारा बगीचा से कथा स्थल रुक्मणी निकेतन पहुंची जहां पर कथा व्यास गौ पीठाधीश्वर पंडित विपिन बिहारी जी महाराज द्वारा छोटे सरकार पंडित राम अनुग्रह दास जी महाराज के सानिध्य में कलश यात्रा का विधिवत पूजन-अर्चन कर शिव पुराण कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा के दौरान यात्रा में भगवा ध्वज के साथ सागर से आई महाकाल अघोरी टीम द्वारा बैंड बाजा के साथ भोले के गीतों पर नाचते हुए आकर्षक करतब कलश यात्रा में आकर्षण का केंद्र रहे वही कलश यात्रा में आगे आगे विशाल नंदी पर सवार भगवान शिव माता पार्वती की सचित्र झांकी बड़ी ही शोभायमान रही। महिलाएं लाल रंग के परिधान में सर पर कलश रखकर चल रही थी एवं कलश यात्रा में पूजनीय छोटे सरकार कथा व्यास पंडित विपिन बिहारी जी महाराज आयोजन करता एवं अजब धाम शिष्य मंडली के अलावा भारी संख्या में भक्तों की मौजूदगी रही।

# प्रकृति का संतुलन और मानव जीवन पेड़ पौधों से संभव है – संभागीय समन्वयक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा के सेक्टर नोहटा में आदर्श ग्राम के प्रयासों का अवलोकन कर गुलमोहर का पौधा रोपित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश।

जबेरा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक अमिताभ श्रीवास्तव ने जिले के विकासखंड जबेरा के अंतर्गत नोहटा सेक्टर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने आदर्श ग्राम की संकल्पना के तहत ग्राम में संचालित विभिन्न नवाचारी प्रयासों जैसे नर्सरी, जन सूचना केंद्र, संस्कार केंद्र, निःशुल्क शिक्षा केंद्र एवं वाचनालय का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान संभाग समन्वयक श्रीवास्तव ने नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नयागांव और नोहटा द्वारा ग्राम में किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी ली गई। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों से संवाद करते हुए कहा कि प्रकृति का संतुलन और मानव जीवन पेड़-पौधों से ही संभव है। यदि हम जन भागीदारी से स्वच्छता, वृक्षारोपण और जागरूकता के लिए मिलकर कार्य करें तो किसी भी गांव को आदर्श ग्राम बनाया जा सकता है।उन्होंने ग्रामवासियों को प्रेरित किया कि वे पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, और सामाजिक चेतना को गांव के विकास का मूल आधार बनाएं।इस अवसर पर संभाग समन्वयक अमिताभ श्रीवास्तव ने कारसदेव वाटिका परिसर में गुलमोहर का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में ग्रामवासी, युवा, महिलाएं एवं बच्चों की बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संस्था द्वारा आदर्श ग्राम हेतु चयनित ग्राम नयागांव में प्रसफुटन समिति एवं स्थानीय लोगों के साथ ग्राम विकास के विभिन्न विषयों पर संवाद करते हुए संभाग समन्वयक श्रीवास्तव ने कहा कि आपका शराब मुक्त ग्राम है अब हमें इसको नशा मुक्त ग्राम भी बनाना है और इसके लिए लगातार गतिविधियों का आयोजन करें। दीवार लेखन के माध्यम से संस्था विभिन्न देशों पर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर सकती है। आप सभी के प्रयास सराहनीय हैं और थोड़ा सा संगठित और सामूहिक प्रयास करने से हम अपने ग्राम को और अच्छा बना सकते हैं। कार्यक्रम में जिला समन्वयक सुशील नामदेव, विकासखंड समन्वयक श्रीमती वंदना जैन, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि, तथा ग्राम प्रस्फुटन समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।